# न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बेरमो (तेनुधाटे)।

छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(क)/(ख)के अंतर्गत

**परमिशन वाद सं0 146 वर्ष 2024**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आवेदक– मधुसुदन महतो | | क्रेता– गुडीया देवी | |
| ग्राम– भवानीपुर | टोला– | ग्राम–लोधकियारी | टोला– |
| थाना– कसमार | जिला–बोकारो | थाना– कसमार | जिला–बोकारो |

| आदेश की क्र0सं0 तारीख 01 | आदेश एंव पदाधिकारी का हस्ताक्षर 02 | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे टिप्पणी तारीख 03 |
|---|---|---|

18/9/24

## आदेश

यह वाद आवेदक– मधुसुदन महतो पिता–स्व0 लखीराम महतो ग्राम– भवानीपुर थाना– कसमार ,जिला–बोकारो के द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)/(ख) के अंतर्गत निम्नाकिंत जमीन, विवरणी निम्नवत:–

| मौजा | थाना न0 | खाता न0 | प्लॉट सं0 | कुल रकबा | बिक्री रकबा | भूमि दर्जा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लोधकियारी | 128 | 01 | 251 | 31 ए0 | 0.10 1/3 ए0 | टांड |

को वे आवश्यक कार्य हेतु मो 45,000/–(पैंतालीस हजार) रूपये में क्रेता–गुडिया देवी पति –रवि महतो ग्राम– लोधकियारी थाना– कसमार जिला–बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति हेतु समर्पित आवेदन के आधार पर आरम्भ किया गया तथा छोटानागपुर काष्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(ख) के तहत आवेदन पत्र को पंजीकृत करते हुए आम सूचना निर्गत की गई, तथा इस कार्यलय के पत्रांक 835/रा0, दिनांक 25.07.2024 के माध्यम से अंचल अधिकारी कसमार से जॉच प्रतिवेदन की मॉग की गई।

निर्धारित अवधि तक किसी के द्वारा प्रस्तावित भूमि की अनुमति प्रस्ताव के विरूद्ध कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। प्रस्तावित भूमि की बिक्री अनुमति के संबंध में अंचल अधिकारी कसमार के पत्रांक 555, दिनांक–06.09.2024 से वांछित जॉच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमे उनके द्वारा उल्लेख किया गया हैं कि:–

01. बिक्रेता एंव क्रेता दोनों कुर्मी(महतो) जाति के सदस्य हैं जो पिछड़ा वर्ग जाति के अतंर्गत आते हैं। बिक्रेता एंव क्रेता दोनों एक ही जिला–बोकारो के निवासी हैं।
बिक्री की जाने वाली भूमि का सर्वे खतियान में अकलू महतो वगैं0 के नाम से दर्ज हैं तथा पंजी–II में जमाबंदी विक्रेता के परदादा से पृष्ठ सं0 58 भोलुम ।।। में दर्ज हैं एंव लगान रसीद वर्ष–2024–25 तक निर्गत हैं। जमाबंदी कायम होने का आधार खतियान हैं।
02. खतियानधारी रैयत से बिक्रेता का संबंध परदादा का है। बिक्री की जाने वाली भूमि बिक्रेता के हक व हिस्से के अतंर्गत आता है एंव बिक्रेता का दखल कब्जा में हैं।
03. प्रस्तावित भूमि भू–हदबन्दी, भूदान, सैरात, वन भूमि, सी0सी0एल0 अधिग्रहित क्षेत्र से बाहर हैं।

उनके द्वारा बिक्रेता को प्रस्तावित भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन को अग्रसारित किया गया हैं।

दोनों पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों का ब्यान दर्ज किया गया। बिक्रेता द्वारा अपने ब्यान में बतलाया गया हैं कि आवेदनाकिंत जमीन सर्वे खतियान में अकलू महतो वगैं0 के नाम से दर्ज हैं तथा पंजी–सस पृष्ठ सं0 58 भोलुम ।।। में जमाबंदी कायम हैं एंव लगान रसीद वर्ष–2024–25 तक निर्गत हैं। बिक्री वाली जमीन उसके हक हिस्से की हैं जिसे वे आवश्यकता वश बेच रहे हैं।

क्रेता का कहना है कि उन्होने प्रस्तावित जमीन का देखा है। उक्त जमीन कोई विवाद नहीं हैं, तथा वर्तमान में आवेदक के शांति पूर्ण दखल कब्जे में हैं।

उभय पक्ष अपने पक्ष निम्नांकित कागजात/दस्तावेज प्रस्तुत करतें हैं:–

01. बिक्रेता– खतियान की छायाप्रति हैं, लगान रसीद का छायाप्रति, आवासीय प्रमाण की छायाप्रति, जाति प्रमाण की छायाप्रति एंव स्वंय के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति ।

02. क्रेता– आवासीय प्रमाण की छायाप्रति, जाति प्रमाण की छायाप्रति एंव स्वय के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति ।

कसमार
दोनो पक्षों का बयान सुनने, उनके द्वारा समर्पित कागजातों एंव अंचल अधिकारी ~~मनाडीह~~ से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन से यह स्पश्ट होता है कि बिक्रेता एंव क्रेता दोनों कुर्मी जाति के सदस्य हैं जो पिछड़ा वर्ग जाति के अतंर्गत आते हैं। बिक्रेता एंव क्रेता दोनों एंक ही जिलान्तर्गत निवासी हैं। आवेदित भूमि बिक्रेता के हिस्से की जमीन है, जो खतियान के आधार पर हासिल हैं जिसे वे आवश्यकता वश बेचना चाहते हैं।

अतः आवेदक–मधुसुदन महता पिता–स्व0 लखीराम महतो ग्राम– भवानीपुर थाना– कसमार ,जिला–बोकारा को निम्नांकित भूमिः–

| मौजा | खाता न0 | प्लॉट सं0 | कुल रकबा | बिक्री रकबा | उ0 सीमा | द0 सीमा | पूरब सीमा | पश्चिम सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लोधकियारी 128 | 01 | 251 | 0.31 ए0 | 0.10 1/3 ए0 | विकास महतो | परती | दुर्गा महतो | बाबुराम मांझी |
| | | | कुल | $10\frac{1}{3}$ डी0 | | | | |

मो0 45,000/–(पैंतालीस हजार)रूपय या जिला अवर निबधक बोकारो द्वारा निर्धारित नवीनतम भूमि मूल्यांकित राशि में जो अधिक हो, की दर से क्रेता– गुडिया देवी पति –रवि महतो ग्राम– लोधकियारी थाना– कसमार जिला–बोकारो के साथ बिक्री करने की अनुमति प्रदान की जाती हैं।

इसके साथ ही इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती हैं। इस आदेश से उभय पक्षों को अवगत करावें।

लेखापित एंव संशोधित।

18.9.24

**भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता**
**बेरमो (तेनुघाट)।**

18.9.24

**भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता**
**बेरमो (तेनुघाट)।**

Digitally signed by MUKESH MACHHUWA
Date: 2025.02.24 13:13:30 +05:30
Location: 10.93.6.142